राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

वीरागंनाओं को प्रणाम, शहीदों को नमन

राजस्थान के कण–कण में वीरत्व का भाव है

– राज्यपाल

जयपुर, 3 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान की भूमि के कण–कण में वीरत्व का भाव है। उन्होंने वीरांगनाओं को प्रणाम और शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों की शहादत निरर्थक नही जायेगी। न केवल राजस्थान बल्कि पूरा देश शहीदों के परिवारजन के साथ हर परिस्थिति में साथ खड़ा हुआ है।

राज्यपाल श्री मिश्र गुरूवार को यहां सीतापुरा स्थित होटल क्राउन प्लाजा में जी राजस्थान द्वारा आयोजित ''है नमन उनको'' समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने राज्य के बीस शहीदो की वीरांगनाओं और परिजनों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि वीरों ने शौर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्र की रक्षा की। आंतकवादियों के विरूद्व संघर्ष किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रबल इच्छा शक्ति वाले लोग राजस्थान में मौजूद है।

समारोह को दक्षिण पश्चिम कमान के प्रमुख मेजर जनरल श्री बी.पी.सिंह ने भी सम्बोधित किया। स्वागत उद्बोधन जी राजस्थान के श्री पुरूषोत्तम वैष्णव ने किया। समारोह में सेना के अधिकारीगण भी मौजूद थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहा. निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान